This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

बुधवार, 11 अक्तूबर, 2017 / 19 आश्विन, 1939

हिमाचल प्रदेश सरकार

गृह विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 9 अक्तूबर, 2017

संख्याः गृह(ए)बी(1)–19 / 2016.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 (2007 का अधिनियम संख्यांक 17) की धारा 11 की उपधारा (1) के साथ पठित दण्ड प्रक्रिया संहिता,

1973 की धारा 2 के खण्ड (ध) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पुलिस महानिदेशक, हिमाचल प्रदेश के परामर्श से, इस अधिसूचना के राजपत्र (ई–गजट) हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किए जाने की तारीख से, निम्नलिखित अनूसूची की स्तम्भ संख्याः 3 में यथा वर्णित गांवों को स्तम्भ संख्याः 4 में वर्णित पुलिस थाना के स्थानीय क्षेत्र से स्तम्भ संख्याः 5 में वर्णित पुलिस थाना के स्थानीय क्षेत्र को अन्तरित करते हैं, अर्थातः–

अनुसूची

क्रम संख्या	ग्राम पंचायत का नाम	स्तम्भ संख्या 2 में विनिर्दिष्ट ग्राम पंचायत में अन्तर्विष्ट गांवों के नाम	पुलिस थाना जिससे अन्तरित किए जाने हैं	पुलिस थाना जिसमें सम्मिलित किए जाने हैं ।
1	2	3	4	5
1.	ग्राम पंचायत, घरौडू	1. बाग 2. भजेहड़ 3. घरौडू गनेहड़ा 4. रोपड़ी वगफाल 5. भदरेहड़	पुलिस थाना सरकाघाट	पुलिस थाना धर्मपुर के अन्तर्गत पुलिस चौकी टिहरा
2.	ग्राम पंचायत, तन्हयार	1. हियूण अवल 2. हियूण दोम 3. नलयाणा 4. धलौण 5. तन्हयार 6. टिक्कर 7. चम्यार	–यथोपरि–	–यथोपरि–
3.	ग्राम पंचायत, टीहरा	1. सकोह 2. सकोहटा 3. मन्योह 4. टीहरा 5. लगयार 6. छुहड़ा	–यथोपरि–	–यथोपरि–
4.	ग्राम पंचायत, कोट	1. कोट 2. सन्देहड़ा 3. गहरा 4. बान्दल 5. बान्दल भराहन	–यथोपरि–	–यथोपरि–
5.	ग्राम पंचायत, डरवाड़	1. डरवाड़ 2. छतरैणा 3. गरली 4. घरवासडा 5. अनस्वाई 6. भडू 7. चस्वाल 8. डी0पी0एफ0 मघलेटा	–यथोपरि–	–यथोपरि–
6.	ग्राम पंचायत, सज्याओ	1. पीपली 2. विड़ 3. करनोहल 4. कोट गदोहल	–यथोपरि–	–यथोपरि–

		5. कौहण 6. पाडछू 7. सज्याओ 8. घरौडू 9. गदयाड़ा 10. रटकेल 11. भेड़ी 12. बलद्वाड़ा चौफी 13. स्याठी अवल 14. स्याठी दोम 15. जोड़न 16. सज्योड़ी		
7.	ग्राम पंचायत, ग्रयोह	1. चंदपुर 2. छबेहड़ 3. ढगवानी 4. झडयार 5. कांगू का गहरा 6. थाना 7. ग्रयोह	–यथोपरि–	–यथोपरि–
8.	ग्राम पंचायत, चोलहरा	1. सरौण 2. करयाल 3. कोठी 4. मकेहा–चलवाण	–यथोपरि–	–यथोपरि–
9.	ग्राम पंचायत, सधोट	1. बनाली 2. सधोट 3. धनराशि 4. बाहरू 5. मोतरन 6. मासला 7. रघोड़ 8. रोसो	–यथोपरि–	–यथोपरि–

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
प्रधान सचिव (गृह)।

————————

[*Authoritative English text of this Department Notification No. Home-(A)B(1)-19/2016 dated 9.10.2017 as required under clause (3) of article 348 of the Constitution of India*].

HOME DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-2, the 9th October, 2017

No. Home-(A)B(1)-19/2016 .—In exercise of the powers conferred by clause (s) of section 2 of the Code of Criminal Procedure, 1973 read with sub-section (1) of section 11 of the Himachal

Pradesh Police Act, 2007 (Act No. 17 of 2007), the Governor, Himachal Pradesh, in consultation with the Director General of Police, Himachal Pradesh is pleased to transfer the villages as enumerated in Column No. 3 from the local area of the Police Station mentioned in Column No.4 to the local area of the Police Station mentioned in Column No.5 of the SCHEDULE given below thereof, with effect from the date of publication of this Notification in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh, namely:—

SCHEDULE

Sr. No.	Name of Gram Panchayat	Name of Villages contained in Gram Panchayat specified in Column No. 2	Police Station from which transferred.	Police Station in which included
1	2	3	4	5
1.	Gram Panchayat, Ghroudu	1. Bag 2. Bhajhedhad 3. Ghroudu Ganehada 4. Ropdi Vagphal 5. Bhadrehad	Police Station Sarkaghat	Police Post Tihra under Police Station Dharampur
2.	Gram Panchayat, Tanhyar	1. Hiyun Abal 2. Hiyun Dom 3 Nalyana 4. Dhaloun 5. Tanhyar 6. Tikar 7. Chamyar	-do-	-do-
3.	Gram Panchayat, Tihra	1. Sakoh 2. Sakohta 3. Manyoh 4. Tihra 5. Lagyar 6. Chhuhara	-do-	-do-
4.	Gram Panchayat, Kot	1. Kot 2. Sandehra 3. Gahra 4. Bandal 5. Bandal-Bhrahan	-do-	-do-
5.	Gram Panchayat, Darwad	1. Darwad 2. chhatrena 3. Garli 4. Gharwasda 5. Answai 6. Bhadu 7. Chaswal 8. DPF Maghleta	-do-	-do-

6.	Gram Panchayat, Sajyao	1. Pipali 2. Vid 3. Karnohal 4. Kot Gadohal 5. Kouhan 6. Padchhu 7. Sajyao 8. Ghroudu 9. Gadyada 10. Ratkel 11. Bhedi 12. Baldwara Chophi 13. Syathi Abal 14. Syathi Dom 15. Jodan 16. Sajyothi	-do-	-do-
7.	Gram Panchayat, Grayoh	1. Chandpur 2. Chhabehad 3. Dhagwani 4. Jhhadyar 5. Kangu-ka-Gahra 6. Thana 7. Ghrayoh	-do-	-do-
8.	Gram Panchayat, Cholhara	1. Saroun 2. Karyal 3. Kothi 4. Makehad-Chalwan	-do-	-do-
9.	Gram Panchayat, Sadhot	1. Banali 2. Sadhot 3. Dhanrashi 4. Bahru 5. Motran 6. Masla 7. Raghod 8. Rosho		

By order,
Sd/-
Principal Secretary (Home).

गृह विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 9 अक्तूवर, 2017

संख्याः गृह(ए)बी(1)–7 / 2017.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007(2007 का अधिनियम संख्यांक 17) की धारा 11 की उपधारा (1) के साथ पठित दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 2 के खण्ड (ध) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पुलिस महानिदेशक, हिमाचल प्रदेश

के परामर्श से, इस अधिसूचना के राजपत्र (ई–गजट) हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किए जाने की तारीख से, निम्नलिखित अनुसूची की स्तम्भ संख्याः 3 में यथा वर्णित गांवों को स्तम्भ संख्याः 4 में वर्णित पुलिस थाना के स्थानीय क्षेत्र से स्तम्भ संख्याः 5 में वर्णित पुलिस थाना / पुलिस चौकी के स्थानीय क्षेत्र को अन्तरित करते है, अर्थात्:–

अनुसूची

क्रम संख्या	ग्राम पंचायत का नाम	स्तम्भ संख्या 2 में विनिर्दिष्ट ग्राम पंचायत में अन्तर्विष्ट गांवों के नाम	पुलिस थाना जिससे अन्तरित किए गए	पुलिस थाना / चौकी जिसमें सम्मिलित किए गए
1	2	3	4	5
1.	ग्राम पंचायत, मड़ावग	1. गोरली 2. मडावग 3. कोटी 4. मथराड़ी 5. झाटीर 6. पटोना 7. कटाच 8. दशोली 9. कनेरा 10. कनबाग 11. साटर 12. चौहाग 13. शलाशू 14. पुजारली 15. बंगूण 16. कूडी 17. बडोग 18. केलवी 19. लोहान	पुलिस थाना चौपाल	पुलिस थाना चौपाल के अधीन पुलिस चौकी मडावग
2.	ग्राम पंचायत, मकड़ोग	1. कनोथ 2. चौरी 3. डमाणा 4. जुब्बड़ 5. पेहलोग 6. दोग 7. शेडी 8. स्गोना 9. धारटूआ 10. गड़ा 11. बागडुआ 12. मकडोग 13. चोथ 14. घरोली 15. रेवलपुल 16. कुरग	–यथोपरि–	–यथोपरि–

		17. मुलाछुआ 18. जंनटाड़ी 19. नरोग 20. सिहाना 21. घड़ीन 22. खोलडू 23. जडेई 24. मोतीबाग 25. घिचना 26. शेकेर 27. घुरला		
3.	ग्राम पंचायत, माटल	1. कुजवी 2. आलाईशना 3. खरोग 4. शिरत 5. टिक्करी 6. सडोना 7. गनेड़ी 8. जायली 9. जंगलोग 10. बटाडा 11. माटल 12. कफरौना	–यथोपरि–	–यथोपरि–

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
प्रधान सचिव (गृह)।

————————

[*Authoritative English text of this Department Notification No. Home (A) B(1)-7/2017 dated 9.10.2017 as required under clause (3) of article 348 of the constitution of India*].

HOME DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-2, the 9th October, 2017

No. Home (A) B(1)-7/2017.— In exercise of the powers conferred by clause (s) of section 2 of the Code of Criminal Procedure, 1973 read with sub-section (1) of section 11 of the Himachal Pradesh Police Act, 2007 (Act No. 17 of 2007), the Governor, Himachal Pradesh, in consultation with the Director General of Police, Himachal Pradesh is pleased to transfer the villages as enumerated in Column No. 3 from the local area of the Police Station mentioned in Column No. 4 to the local area of the Police Station/Police Post mentioned in Column No.5 of the schedule given below thereof, with effect from the date of publication of this Notification in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh, namely:—

SCHEDULE

Sr. No.	Name of Gram Panchayat	Name of villages contained in Gram Panchayat specified in Column No. 2	Police Station from which transferred	Police Station/ Post in which included.
1	2	3	4	5
1.	Gram Panchayat, Maraog	1. Gorli 2. Maraog 3. Koti 4. Mathradi 5. Jhatir 6. Patona 7. Katach 8. Dasholi 9. Kanera 10. Kanbag 11. Sater 12. Chohag 13. Shalashu 14. Pujarli 15. Bangun 16. Kudi 17. Badog 18. Kelvi 19. Lohana	Police Station Chopal	Police Post Maraog under Police Station Chopal
2.	Gram Panchayat, Makrog	1. Kanoth 2. Chauri 3. Damana 4. Jubbar 5. Pehlog 6. Doag 7. Shedi 8. Sagona 9. Dhartua 10. Gadaa 11. Bagdua 12. Makrog 13. Choth 14. Gharoli 15. Rewalpul 16. Kurag 17. Malachhua 18. Jantadi 19. Narog 20. Sihana 21. Ghadin 22. Kholtu 23. Jadai 24. Mottibag 25. Ghichna	-do-	-do-

		26. Sheker 27. Ghurla		
3.	Gram Panchayat, Matal	1. Kujvi 2. Alaishna 3. Kharog 4. Shirat 5. Tikkari 6. Sadona 7. Ganeri 8. Jayli 9. Janglog 10. Batada 11. Matal 12. Kafroana	-do-	-do-

By order,
Sd/-
Principal Secretary (Home).

गृह विभाग

अधिसूचना

शिमला–2, 9 अक्तूबर, 2017

संख्याः गृह (ए)बी(1)–2/2017.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश पुलिस अधिनियम, 2007 (2007 का अधिनियम संख्यांक 17) की धारा 11 की उपधारा (1) के साथ पठित दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 2 के खण्ड (ध) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, पुलिस महानिदेशक, हिमाचल प्रदेश के परामर्श से, इस अधिसूचना के राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में प्रकाशित किए जाने की तारीख से, निम्नलिखित अनुसूची की स्तम्भ संख्याः 3 में यथा वर्णित गांवों को स्तम्भ संख्याः 4 में वर्णित पुलिस थाना के स्थानीय क्षेत्र से स्तम्भ संख्याः 5 में वर्णित पुलिस थाना के स्थानीय क्षेत्र को अन्तरित करते हैं, अर्थात्:–

अनुसूची

क्रम संख्या	ग्राम पंचायत का नाम	स्तम्भ संख्या 2 में विनिर्दिष्ट ग्राम पंचायत में अन्तर्विष्ट गांवों के नाम	पुलिस थाना जिससे अन्तरित किए जाने हैं	पुलिस थाना जिसमें सम्मिलित किए जाने हैं
1	2	3	4	5
1.	ग्राम पंचायत, लगडू	1. माहड़ 2. चौड़ी 3 .कालापानी 4. आर0 जे0 कालापानी 5. देव गांव 6. तली	पुलिस थाना खुण्डियां	पुलिस थाना खुण्डियां के अन्तर्गत पुलिस चौकी लगडू
2.	ग्राम पंचायत, पुखरू	1. चौकी 2. लगडू	–यथोपरि–	–यथोपरि–

		3. हरदीपपुर 4. भराड़ी 5. पुखरू 6. वसी 7. दोहदरू		
3.	ग्राम पंचायत, डोला–खरियाना	1. रोहल 2. दोहरू 3. मतेहड़ 4. भटवाल 5. खरमुहण 6. धार 7. मझलाहड. 8. आर. जे0 जमूली 9. लाहडू 10. भटलाहडू 11. मकतेहड़ 12. छिड़ 13. जमूली 14. बग 15. कुकड़ियाना 16. खालग 17. आर. जे0 खालग 18. डोला 19. डफलू 20 टिक्कर 21 सौड़ कलां 22 सौड़ खुर्द 23 जमूला	–यथोपरि–	–यथोपरि–
4.	ग्राम पंचायत, बग्गी	1. गलह 2. ज्याड़ा 3. मडू 4. पतरेली 5. ढाटी 6. क्वेका 7. बग्ग 8. नाहली 9. ढाटी परनाला 10. मैरा	–यथोपरि–	–यथोपरि–
5.	ग्राम पंचायत, सलिहार	1. बलाहड़ 2. बलेड़ा 3. सलिहार	–यथोपरि–	–यथोपरि–

आदेश द्वारा,
हस्ताक्षरित / –
प्रधान सचिव (गृह)।

[*Authoritative English text of this Department Notification No. Home-(A)B(1)-2/2017 dated 9th October, 2017 as required under clause (3) of article 348 of the Constitution of India*].

HOME DEPARTMENT

NOTIFICATION

Shimla-2, the 9th October, 2017

No. Home-(A)B(1)-2/2017.— In exercise of the powers conferred by clause (s) of section 2 of the Code of Criminal Procedure, 1973 read with sub-section (1) of section 11 of the Himachal Pradesh Police Act, 2007 (Act No. 17 of 2007), the Governor, Himachal Pradesh, in consultation with the Director General of Police, Himachal Pradesh is pleased to transfer the villages as enumerated in Column No. 3 from the local area of the Police Station mentioned in Column No.4 to the local area of the Police Station mentioned in Column No.5 of the SCHEDULE given below thereof, with effect from the date of publication of this Notification in the Rajpatra (e-Gazette), Himachal Pradesh, namely:—

SCHEDULE

Sr. No.	Name of Gram Panchayat	Name of Villages contained in Gram Panchayat specified in Column No. 2	Police Station from which transferred.	Police Station in which included
1	2	3	4	5
1.	Gram Panchayat, Lagru	1. Mahar 2. Chori 3. Kalapani 4. R.J.Kalapani 5. Dev Gaon 6. Tali	Police Station Khundian	Police Post Lagru under Police Station Khundian
2.	Gram Panchayat, Pukhru	1. Chowki 2. Lagru 3. Hardeeppur 4. Bharari 5. Pukhru 6. Basin 7. Dohdru	-do-	-do-
3.	Gram Panchayat, Dola-Khariana	1. Rohal 2. Dohru 3. Mateher 4. Bhatwal 5. Kharmuhan 6. Dhar 7. Majhelahar 8. R.J. Jamuli 9. Lahru 10. Battlaharu 11. Makther	-do-	-do-

		12. Chir 13. Jamuli 14. Bag 15. Kukriyana 16. Khalag 17. R.J. Khalag 18. Dola. 19. Dafloon 20. Tikkar 21. Sour Kalan 22. Sour Khurd 23. Jamula.		
4.	Gram Panchayat, Baggi	1. Galh 2. Jayara 3. Mandu 4. Patreli 5. Dhatti 6. Koka 7. Bagg 8. Nahli 9. Dhatti Parnala 10. Maira.	-do-	-do-
5.	Gram Panchayat, Salihar	1. Blahar 2. Balera 3. Salihar	-do-	-do-

By order,
Sd/-
Principal Secretary (Home).

कार्मिक विभाग (नि0–III)

अधिसूचना

शिमला–02, 29 सितम्बर, 2017

संख्याः पीईआर (एपी)–सी–ए (3)–2/2017.––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में हिमाचल प्रदेश **अधीनस्थ सहबद्ध सेवाओं/पदों, (वर्ग–III, अराजपत्रित)** की परीक्षा और भर्ती की बाबत, निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:––

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सहबद्ध सेवा/पद (वर्ग–III, अराजपत्रित) परीक्षा नियम, 2017 है।

(2) ये नियम राजपत्र (ई–गजट), हिमाचल प्रदेश में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएंः––इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,––

(क) "अपैंडिक्स" से इन नियमों से संलग्न अपैंडिक्स अभिप्रेत है;

(ख) "आयोग" से, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग अभिप्रेत है;

(ग) "परीक्षा" से, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा संचालित परीक्षा अभिप्रेत है;

(घ) "सरकार" से, हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है;

(ङ) राज्यपाल से का राज्यपाल हिमाचल प्रदेश अभिप्रेत है;

(च) "अन्य पिछड़ा वर्ग" से, राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर यथाविर्निदिष्ट नागरिकों के अन्य पिछड़ा वर्ग अभिप्रेत है ;

(छ) "अनुसूचित जाति" से, भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अधीन हिमाचल प्रदेश राज्य के सम्बन्ध में अनुसूचित जाति के रुप में विनिर्दिष्ट कोई जाति, मूलवंश या जनजाति अथवा ऐसी जाति, मूलवंश या जनजाति का भाग या उसका कोई समूह अभिप्रेत है;

(ज) "अनुसूचित जनजाति" से, भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अधीन हिमाचल प्रदेश राज्य के सम्बन्ध में अनुसूचित जनजाति के रुप में विनिर्दिष्ट कोई जनजाति, जनजातीय समुदाय अथवा जनजातीय समुदाय का भाग या उसका कोई समूह अभिप्रेत हैं; और

(झ) "राज्य" से, हिमाचल प्रदेश राज्य अभिप्रेत है।

3. (1) आयोग द्वारा निम्नलिखित सेवाओं / पदों की भर्ती के लिए संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा संचालित की जाएगीः––

(1) निरीक्षक (आबकारी एवं कराधान);

(2) निरीक्षक (नागरिक आपूर्ति);

(3) निरीक्षक (पंचायत);

(4) निरीक्षक (सहकारिता);

(5) विस्तार अधिकारी (उद्योग);

(6) निर्वाचन कानूनगो ; और

(7) मुख्य सेविका।

परन्तु सरकार, जैसा समय–समय पर आवश्यक समझे हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से, सेवाओं / पदों के किन्हीं अन्य वर्गो को इसमें सम्मिलित कर सकेगी या उपरोक्त किन्हीं सेवाओं / पदों को इसमें से निकाल सकेगी।

(2) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा निम्न प्रकार से दो आनुक्रमिक चरणों की होगीः–

(क) प्रारम्भिक परीक्षा–मुख्य परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के चयन हेतु आयोग द्वारा वस्तुनिष्ठ प्रकार की प्रारम्भिक परीक्षा का संचालन किया जाएगा। परीक्षा की स्कीम और पाठ्यक्रम ऐसा होगा जैसा अपैंडिक्स–I में उपबन्धित है।

(ख) मुख्य परीक्षा (लिखित और मूलांकन)–विभिन्न सेवाओं और पदों के लिए अभ्यर्थियों के अंतिम चयन हेतु मुख्य परीक्षा (लिखित और मूल्यांकन) आयोग द्वारा संचालित की जाएगी। परीक्षा की स्कीम और पाठ्यक्रम ऐसा होगा जैसा अपैंडिक्स–II में विनिर्दिष्ट है। किसी भी अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा में तब तक

अर्हित नहीं समझा जाएगा जब तक कि वह समस्त पेपरों में संकलित (कुल मिलाकर) चालीस प्रतिशत अंक और प्रत्येक पेपर में कम से कम पैंतीस प्रतिशत अंक अभिप्राप्त नहीं कर लेता। अभ्यर्थी का मूल्यांकन इन नियमों से संलग्न अपैंडिक्स–III में यथा विनिर्दिष्ट पैरामीटरों पर आधारित होगा।

(ग) परीक्षा फीस ऐसे संदेय होगी जैसा पदों के विज्ञापन के लिए आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट की गई हो।

4. (1) प्रारम्भिक परीक्षा में, आयोग द्वारा यथाविनिश्चित न्यूनतम अंक अभिप्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को उनके द्वारा अभिप्राप्त अंकों के अनुसार मैरिट के क्रम में सूचीबद्ध किया जाएगा। इन अभ्यर्थियों में से प्रायः विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत अभ्यर्थी, जिन्होंने समान अंक अभिप्राप्त किए हैं, यदि कोई हों, को सम्मिलित करने के अतिरिक्त रिक्तियों की कुल संख्या के बीस गुणा को मुख्य परीक्षा के लिए अर्हित समझा जाएगा और प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम तद्नुसार घोषित किया जाएगा। मुख्य परीक्षा के लिए अर्हित होने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांगजन, स्वतन्त्रता सैनानियों के आश्रितों और आई आर डी पी / बी. पी. एल. से सम्बन्धित अभ्यर्थियों की सूची पृथकतः तैयार की जाएगी और उनका परिणाम तद्नुसार घोषित किया जाएगा। प्रारम्भिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए केवल छंटनी परीक्षा होगी और इस परीक्षा में अभिप्राप्त अंको को अभ्यर्थियों के अंतिम चयन के समय विचारा नहीं जाएगा।

(2) (क) इन नियमों से संलग्न अपैंडिक्स–III में यथा विनिर्दिष्ट पैरामीटरों पर आधारित मूल्यांकन के पश्चात् अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा और मूल्यांकन में उनके द्वारा कुल मिलाकर अभिप्राप्त अंकों के अनुसार मैरिट के क्रम में सूचीबद्ध किया जाएगा। अंको की बराबरी की दशा में, मैरिट का क्रम मूल्यांकन में प्राप्त किए गए अधिकतम अंकों के अनुसार विनिश्चित किया जाएगा और यदि मूल्यांकन में भी अभ्यर्थियों के अंक बराबर हो तो मैरिट का क्रम ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में कुल मिलाकर अभिप्राप्त अधिकतम अंको के अनुसार विनिश्चित किया जाएगा और यदि लिखित परीक्षा के कुल मिलाकर अंको के बराबर होने की दशा में अभ्यर्थी, जो आयु में ज्येष्ठ है, को आयु में कनिष्ठ अभ्यर्थी से ऊपर रखा जाएगा। किसी विशिष्ट सेवा के लिए अभ्यर्थी की संस्तुति करते समय उसके द्वारा अधिमान पत्रक (शीट) में अभिव्यक्त अधिमान (यदि कोई हो) का इन नियमों के अधीन पदों के लिए विज्ञापन के प्रत्युत्तर में आवेदन प्ररुप प्रस्तुत करते समय, निम्नलिखित शर्तो के अध्यधीन, सम्यक् रुप से ध्यान में रखा जाएगाः–

(*i*) इन नियमों के अन्तर्गत विज्ञापित पदों के लिए अभ्यर्थी द्वारा मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन प्ररुप प्रस्तुत करते समय, आवेदन प्ररुप में यथा वर्णित अधिमान क्रम सूची भरा जाएगा / उपदर्भित किया जाएगा और इस अधिमान सूची में दर्शाए गए अधिमान के क्रमानुसार मैरिट के क्रम में अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा। एक बार अधिमान सूची प्रस्तुत किए जाने पर तत्पश्चात् उसमें कोई परिवर्तन / संशोधन अनुज्ञात नहीं किया जाएगा और इस सम्बन्ध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(*ii*) अभ्यर्थियों को केवल उन पदों के लिए और उसी क्रम में, जो उन्होंने अधिमान सूची में दर्शाया है, चयन के लिए विचारा जाएगा। अधिमान सूची में उनके द्वारा वर्णित नहीं किए गए किसी पद के लिए, इस तथ्य के बावजूद कि मैरिट के क्रम में वे उन पदों के चयन के लिए पात्र हैं, उन पर विचार नहीं किया जाएगा।

(*iii*) यदि किसी अभ्यर्थी ने अधिमान क्रम सम्यक रुप से भरकर प्रस्तुत नहीं किया है या अधिमान क्रम उसके हस्ताक्षर के बिना प्रस्तुत किया गया है या अधिमान क्रम में कोई विकल्प / अधिमान, जो भी हो, अभिव्यक्त नहीं किया है तो उसे समस्त पदों के लिए उसी क्रम में विचारा जाएगा जैसे वे विज्ञापन में सूचीवद्ध किए गए हैं।

(ख) अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गो, भूतपूर्व सैनिकों, दिव्यांगजनों, स्वतन्त्रता सैनानियों के आश्रितों और आई आर डी पी / बी. पी. एल. से सम्बन्धित अभ्यर्थियों की दशा में प्रत्येक पद के लिए मैरिट सूची, उनके लिए आरक्षित रिक्तियों के विस्तार तक, पृथ्कतः उसी प्रकार से तैयार की जाएगी। अभ्यर्थी का परीक्षा परिणाम उसी प्रवर्ग के अधीन घोषित किया

जाएगा जो उसने आवेदन पत्र में उल्लिखित किया है। यदि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित कोई अभ्यर्थी उसके संकलित अंकों के फलस्वरुप सामान्य सूची में स्थान प्राप्त कर लेता है तो उसे सामान्य सूची में दर्शाया जाएगा; परन्तु आयु–सीमा, अनुभव, अर्हता, विचारणीय क्षेत्र में छूट, जो सामान्य प्रवर्ग के अभ्यर्थियों को उपबन्धित से अधिक है, उसके मामले में लागू नहीं है। ऐसे आरक्षित प्रवर्ग के अभ्यर्थियों की गणना अनारक्षित पदो के विरुद्व केवल तभी की जाएगी यदि वे सामान्य प्रवर्ग के अभ्यर्थी की भांति, किसी आयु–सीमा, अनुभव, अर्हता, विचारणीय क्षेत्र में (अर्हता अंको का कट ऑफ) जो सामान्य प्रवर्ग के अभ्यर्थियों को उपबन्धित से अधिक है, किसी शिथिलीकरण के बिना सभी प्रकार से मैरिट प्राप्त कर लेते हैं। ऐसा समायोजन केवल अंतिम चयन परिणामों की घोषणा के समय पर ही किया जाएगा न कि प्रारम्भिक / मुख्य परीक्षा के समय पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी, जिन्होंने शिथिल स्तरमानों द्वारा आवेदन करके प्रारम्भिक परीक्षा अर्हित की है और उसके द्वारा संकलित प्राप्त अंको के फलस्वरुप सामान्य सूची में स्थान प्राप्त कर लेते है, को सामान्य / अनारक्षित रिक्ति के विरुद्ध नहीं विचारा जाएगा। भूतपूर्व सैनिकों, दिव्यांगजनों, स्वतन्त्रता सैनानियों के आश्रितों और आई. आर. डी. पी. / बी. पी. एल. अभ्यर्थियों को, उस श्रेणी, जो उनकी मेरिट को विचार में लाए बिना विज्ञापन में उनके लिए आरक्षित दर्शाई गई हैं, केवल ऐसे पदों के लिए ही चयनित किया जाएगा।

5. आयोग की संस्तुतियां प्राप्त होने पर सरकार अभ्यर्थियों के बारे में यह सुनिश्चित करने के आशय से कि वे सम्बद्ध पदों पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त हैं ऐसी जांच करवाएगी जैसी यह उचित समझे। सरकार अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने / न देने का अधिकार रखती है।

6. **पात्रता शर्तेः––(1) राष्ट्रीयता**–अभ्यर्थी भारत का नागरिक अवश्य होना चाहिए।

(2) न्यूनतम शैक्षिक अर्हता.– अभ्यर्थी के पास भारत में केन्द्रीय या राज्य विधान मण्डल के अधिनियम द्वारा निगमित किसी विश्वविद्यालय या संसद के किसी अधिनियम द्वारा स्थापित अन्य शैक्षिक संस्था या विश्वविद्याालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अधीन घोषित डीम्ड विश्वविद्यालय, से स्नातक की उपाधि अवश्य होनी चाहिए या वह इसके समतुल्य अर्हता रखता हो।

टिप्पण.–व्यावसायिक और तकनीकी अर्हताएं, जो राज्य सरकार द्वारा व्यावसायिक या तकनीकी उपाधि के समतुल्य मान्यता प्राप्त है, रखने वाले अभ्यर्थी भी परीक्षा में प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

(3) अभ्यर्थी ने उस वर्ष की प्रथम जनवरी, जिसमें पद (पदों) को आवेदन आमन्त्रित करने के लिए विज्ञापित किया गया है, 18 (अठारह) वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है किन्तु 45 (पैंतालीस) वर्ष की आयु पूर्ण न की होः

परन्तु सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए ऊपरी आयु सीमा, तदर्थ या संविदा के आधार पर नियुक्त किए गए व्यक्तियों सहित, पहले से ही सरकार की सेवा में रत अभ्यर्थियों को लागू नहीं होगी :

परन्तु यह और कि यदि तदर्थ या संविदा के आधार पर नियुक्त किया गया अभ्यर्थी इस रूप में नियुक्ति की तारीख को अधिक आयु का हो गया हो, तो वह तदर्थ या संविदा के आधार पर नियुक्ति के कारण विहित आयु में शिथिलीकरण के लिए पात्र नहीं होगा :

परन्तु यह और कि अनुसूचित जातियों / अनुसूचित जन जातियों तथा अन्य वर्गों के व्यक्तियों के लिए ऊपरी आयु सीमा में उस विस्तार तक शिथिलीकरण किया जा सकेगा, जितना हिमाचल प्रदेश सरकार के साधारण या विशेष आदेश (आदेशों) के अधीन अनुज्ञेय हैः

परन्तु यह और भी कि पब्लिक सेक्टर, निगमों तथा स्वायत्त निकायों के सभी कर्मचारियों को जो ऐसे पब्लिक सेक्टर, निगमों तथा स्वायत्त निकायों के प्रारम्भिक गठन के समय ऐसे पब्लिक सेक्टर निगमों / स्वायत्त निकायों में आमेलन से पूर्व सरकारी कर्मचारी थे, सीधी भर्ती में आयु सीमा में ऐसी ही रियायत दी जाएगी, जैसी सरकारी कर्मचारियों को अनुज्ञेय है, किन्तु इस प्रकार की रियायत पब्लिक सेक्टर, निगमों तथा स्वायत निकायों के ऐसे कर्मचारिवृन्द को नहीं दी जाएगी, जो पश्चात्वर्ती ऐसे निगमों / स्वायत्त

निकायों द्वारा नियुक्त किए गए थे / किए गए हैं और उन पब्लिक सेक्टर, निगमों / स्वायत्त निकायों के प्रारम्भिक गठन के पश्चात् ऐसे निगमों / स्वायत्त निकायों की सेवा में अन्तिम रूप से आमेलित किए गए हैं / किए गए थे।

7. नियम 6(3) में यथा उपबंधित के सिवाय, विहित आयु सीमा किसी दशा में शिथिल नहीं की जाएगी। आयोग केवल वही जन्म तिथि स्वीकार करेगा जो दसवीं या सैकॅण्डरी स्कूल परीक्षा प्रमाण–पत्र या उसके समतुल्य समझी गई किसी परीक्षा के प्रमाण पत्र में अभिलिखित की गई हैं। मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्र के साथ हाई स्कूल / हायर सैकॅण्डरी के प्रमाण–पत्र / अंक सूची जिसमें जन्म तिथि स्पष्टतया वर्णित हो अवश्य संलग्न की जानी चाहिए, ऐसा न होने पर, आवेदन पत्र अस्वीकृत किया जाएगा। आयु से सम्बन्धित कोई अन्य दस्तावेज़ जैसे जन्म कुण्डली, शपथ–पत्र, नगर निगम सेवा अभिलेखों से लिए गए जन्म सम्बन्धी उद्धरण और इसी भॉति के अन्य दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन पत्र में एक बार अभिलिखित की गई जब जन्म तिथि में किसी भी परिस्थिति में उसमें किसी परिवर्तन के लिए अनुरोध विचारणीय नहीं होगा और समस्त ऐसे अभ्यावेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे। प्रारम्भिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के बीच भिन्नता पाए जाने पर आवेदन अस्वीकृत किया जा सकेगा।

8. किसी भी व्यक्ति, जिसने अपने पति या पत्नी के जीवित रहते हुए किसी अन्य व्यक्ति से विवाह किया है या किसी ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है, जिसका पति / पत्नी जीवित है, सेवा / पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगाः

परन्तु यदि सरकार का समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के दूसरे पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है तथा ऐसा करने के लिए विधिक आधार भी हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

9. परीक्षा में सफलता नियुक्ति का कोई अधिकार प्रदत्त नहीं करती है जब तक कि सरकार का ऐसी जॉच, जैसी यह आवश्यक समझे, के पश्चात समाधान नहीं हो जाता है कि अभ्यर्थी सेवा में नियुक्ति के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है।

10. परीक्षा में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की पात्रता या अन्य मामलों के बारे में आयोग का विनिश्चय अंतिम होगा। इस विषय पर कोई भी अभ्यावेदन या पत्राचार ग्रहण नहीं किया जाएगा। प्रारम्भिक परीक्षा के लिए प्रवेश अनन्तिम होगा। यदि चयन के किसी प्रक्रम में सत्यापन करने पर यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी समस्त पात्रता शर्तो को पूरा नहीं करता है या मिथ्या / गलत जानकारी देता है तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी। यदि उसका कोई दावा गलत पाया जाता है तो वह आयोग द्वारा इन नियमों के नियम 14 के निबन्धनों के अनुसार अनुशासनिक कार्रवाई के लिए दायी होगा।

केवल इस तथ्य से कि अभ्यर्थी को परीक्षा का प्रवेश कार्ड / पत्र जारी कर दिया गया है यह विवक्षित नहीं होगा कि उसकी अभ्यर्थिता आयोग द्वारा अन्तिम रुप से / अप्रतिसंहरणीय रुप से स्वीकार कर ली गई है या यह कि अभ्यर्थी द्वारा प्रारम्भिक परीक्षा के लिए उसके आवेदन पत्र में की गई प्रविष्टियाँ आयोग द्वारा सही और शुद्ध रुप से स्वीकार कर ली गई हैं। प्रारम्भिक परीक्षा केवल एक छंटनी परीक्षा है इसलिए आयोग प्रारम्भिक परीक्षा के लिए आवेदन पत्र के साथ किसी प्रमाण पत्र की मांग नहीं करता है और परीक्षा के लिए पात्रता की उस स्तर पर जॉच नहीं की जाती है। तद्नुसार आवेदकों को बिना अपवाद के प्रारम्भिक परीक्षा में प्रवेश दिया जाएगा किन्तु मुख्य परीक्षा के आवेदन पत्रों की सूक्ष्म जॉच मुख्य परीक्षा का परिणाम तैयार करते समय अर्थात् साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की पात्रता का अवधारण करते समय की जाएगी। उन आवेदन पत्रों को, जिनके साथ अपेक्षित प्रमाण–पत्र संलग्न न किए गए हों, अस्वीकृत किया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व पूर्णतयः सुनिश्चित करेगे कि वे विज्ञापन में अधिकथित अपेक्षाओं / शर्तो को पूरा करते हैं।

11. किसी भी अभ्यर्थी को प्रारम्भिक परीक्षा या मुख्य परीक्षा में तब तक प्रवेश नहीं दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग द्वारा जारी किया गया प्रवेश पत्र (कार्ड) न हो । यदि प्रवेश पत्र (कार्ड) में कोई भी त्रुटि ध्यान में आए तो अभ्यर्थी का यह दायित्व होगा कि वह उसके संशोधन के लिए तत्काल आयोग के कार्यालय में सम्पर्क करे।

12. उस प्राप्त आवेदन पत्र को, जो भागतः भरा गया हो / गलत रुप से भरा गया हो / लिप्तलेखित हो / वांछित स्थानों पर हस्ताक्षरित न हो / जिसमें वांछित संख्या में फोटोग्राफ स्वहस्ताक्षरित न पाए गए हों या जो समुचित बैंक ड्राफ्ट के बिना हो, रद्द कर दिया जाएगा।

13. (1) आयु में किसी शिथिलीकरण का या किसी अन्य रियायत का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए अपने आवेदन पत्रों के साथ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी समुचित प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करनी होगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित स्थायी जाति प्रमाण–पत्र, उप–मण्डलाधिकारी (नागरिक) जो हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जाति प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए प्राधिकृत है द्वारा जारी आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। विवाहित महिलाओं की दशा में केवल उनके पिता की जाति के आधार पर जारी जाति प्रमाण–पत्र ही स्वीकार किया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी आवेदन पत्र के साथ स्थायी जाति प्रमाण पत्र और अन्य प्रमाण–पत्र, जो आयोग के साथ–साथ नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा और सत्यापन करने के अध्यधीन है, प्रस्तुत करने में असफल रहता हैं तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी जिसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा। अपेक्षित प्रमाण–पत्र (पत्रों) के अभाव में किसी शिथिलीकरण / छूट के किसी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

(2) भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी को मुख्य परीक्षा के समय पर आवेदन पत्र के साथ उन्मोचन प्रमाण–पत्र (डिस्चार्ज सर्टिफिकेट) प्रस्तुत करना होगा।

14. यदि कोई अभ्यर्थी आयोग द्वारा दोषी पाया जाता है–

(1) अपनी अभ्यर्थिता के लिए, चाहे लिखित परीक्षा या साक्षात्कार में, किसी साधन द्वारा सहायता अभिप्राप्त करने, या

(2) प्रतिरुपण करने, या

(3) किसी व्यक्ति से / द्वारा प्रतिरुपण प्राप्त करने, या

(4) जाली दस्तावेज या छेड़छाड़ (बिगाड़े) किए गए दस्तावेज प्रस्तुत करने, या

(5) ऐसे कथन करने जो गलत या मिथ्या है या चयन के किसी प्रक्रम पर सारभूत जानकारी छिपाने, या

(6) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए कोई अन्य अनियमित या अनुचित साधन अपनाने, या

(7) परीक्षा हॉल में अनुचित साधनों का उपयोग या उसका उपयोग करने का प्रयास करने, या

(8) परीक्षा का संचालन करने में लगाए गए कर्मचारिवृन्द का उत्पीड़न करने, धमकी देना या शारीरिक क्षति कारित करने, या

(9) अभ्यर्थियों को उनके प्रवेश पत्र में दिए गए किसी अनुदेश या परीक्षा संचालन करने में लगाए गए केन्द्र पर्यवेक्षक या अन्य कर्मचारिवृन्द द्वारा दिए गए मौखिक निर्देशों सहित अन्य निर्देशों का उल्लंघन करने, या

(10) परीक्षा हॉल या साक्षात्कार में किसी अन्य रीति में दुर्व्यवहार करने के लिए स्वयं को दंडित अभियोजन के लिए दायी बनने के अतिरिक्त वह निम्न के लिए भी दायी होगा / होगी–

(क) आयोग द्वारा उसे उस परीक्षा से, जिसके लिए वह अभ्यर्थी है, निरर्हित करने, और / या

(ख) या तो स्थायी रुप से या विनिर्दिष्ट अवधि के लिए उसे–

(*i*) आयोग द्वारा आयोजित किसी परीक्षा से या उसके द्वारा किए गए चयन से,

(*ii*) राज्य सरकार द्वारा उसके अधीन नियोजन से, विवर्जित किए जाने; और

(ग) यदि वह पहले से ही सरकार की सेवा में है तो उपयुक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्रवाई के लिए; किन्तु इस नियम के अधीन कोई शास्ति,–

(*i*) अभ्यर्थी को लिखित में ऐसा अभ्यावेदन करने का अवसर दिए बिना जो वह इस निमित्त देना चाहे, और

(*ii*) अभ्यर्थी द्वारा उसे अनुज्ञात अवधि के भीतर प्रस्तुत किए गए आवेदन, यदि कोई है, पर विचार किए बिना अधिरोपित नहीं की जाएगी।

15. मुख्य परीक्षा के लिए विहित तारीख के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। आयोग, आवेदन पत्रों के डाक / कुरियर सेवा के दौरान देरी से प्राप्त होने, विकृत होने या गुम हो जाने की दशा में उत्तरदायी नहीं होगा। एक लिफाफे में केवल एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जाएगा। प्रत्येक ऐसा आवेदन, जो आयोग के कार्यालय में काउन्टर पर या तो डाक से प्राप्त हुआ हो, की अभिस्वीकृति दी जाएगी और आवेदन पत्र की प्राप्ति के प्रतीक के रुप में अभ्यर्थी को रजिस्ट्रीकरण नम्बर जारी किया जाएगा। इस तथ्य का, कि अभ्यर्थी को रजिस्ट्रीकरण नम्बर जारी कर दिया गया है, स्वतः यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण है और इसे आयोग द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। आवेदन पत्र के विलम्ब से प्राप्ति के सम्बन्ध में कोई पत्र व्यवहार या अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। परीक्षा में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की पात्रता की बाबत या अन्यथा आयोग का विनिश्चय अंतिम होगा।

16. आयोग को आवेदन पत्र में अभिलिखित अधिमान के दृष्टिगत परीक्षा के लिए अभ्यर्थी को केन्द्र आंबटित करने का अधिकार है। आयोग के लिए अभ्यर्थी को वाँछित परीक्षा केन्द्र आबंटित करना आवश्यक और वाध्यकारी नहीं है। आयोग द्वारा परीक्षा केन्द्रों का आबंटन परीक्षा केन्द्रों की क्षमता और प्रशासनिक सुविधा के दृष्टिगत किया जाता है। केन्द्र या आवेदन पत्र में किसी अन्य प्रविष्टि के परिवर्तन के लिए कोई अभ्यावेदन ग्रहण नहीं किया जाएगा।

17. यदि कोई अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में दिए गए पते से भिन्न पते पर आयोग से कोई संसूचना प्राप्त करना चाहता है तो पते में ऐसा परिवर्तन 11.5 सै0 मी0 x 27.5 सै0 मी0 आकार के दो स्वयं के पते के पर्याप्त स्टांपित लिफाफों सहित यथाशीघ्र आयोग को संसूचित करेगा जिसमें वह अपना रजिस्ट्रीकरण नम्बर और परीक्षा का नाम अभिलिखित करेगा। आयोग ऐसा परिवर्तन करने की बाबत हर सम्भव प्रयत्न करेगा।

18. आयोग प्रारम्भिक परीक्षा की बाबत अंक तालिकाएं नहीं भेजेगा क्योंकि यह केवल एक छंटनी परीक्षा है। इसलिए इस सम्बन्ध में कोई पत्राचार ग्रहण नहीं किया जाएगा। प्रारम्भिक परीक्षा एवं मुख्य परीक्षा में उपस्थित हुए अभ्यर्थियों के अंक अंतिम चयन परिणामों के प्रकाशन के पश्चात् आयोग की वैबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। आयोग द्वारा संचालित परीक्षाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए कोई प्रावधान नहीं होगा।

19. आयोग में दस्तावेजों के सत्यापन के समय उपस्थित होने वाले हिमाचल प्रदेश के अधिवसित आरक्षित प्रवर्गो (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति) दिव्यांगजन के बेरोजगार अभ्यर्थियों को अपने दावों के संदर्भ में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने पर उनके निवास स्थान से और वापसी तक का यात्रा व्यय आयोग के कार्यालय द्वारा संदत्त किया जाएगा।

अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गो के अभ्यर्थियों के लिए विज्ञापन मे दी गई विभिन्न रियायतें केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को लागू होंगी जो हिमाचल प्रदेश के स्थायी निवासी हैं और जिन्हें हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के रुप में अधिसूचित किय गया है तथा हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य पिछड़ा वर्गो, से सम्बन्ध रखते हैं। अन्य राज्यों के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को अनारक्षित प्रवर्ग से सम्बन्धित समझा जाएगा। हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य पिछड़ा वर्गो के समुन्नत वर्ग (क्रीमी लेयर) से सम्बन्धित अभ्यर्थियों को आरक्षण, आयु सीमा में छूट और अन्य प्रसुविधाएं अनुज्ञात नहीं की जाएंगी।

20. किसी विशिष्ट सेवा के लिए अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों को ऐसा प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा और ऐसी विभागीय परीक्षा उतीर्ण करनी होगी जैसी सरकार द्वारा विहित की जाए। उनसे हिमाचल प्रदेश में किसी भी स्थान पर सेवा करना और प्रस्थापित की गई किसी नियुक्ति को तत्काल लेना अपेक्षित होगा।

21. इन नियमों के निर्वचन से सम्बन्धित यदि कोई प्रश्न उत्पन्न होता है तो उसे सरकार द्वारा आयोग के परामर्श से विनिश्चित किया जाएगा ।

22. इन नियमों से तुरन्त पूर्व प्रवृत हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सहबद्ध सेवा / पद (वर्ग–II / III, अराजपत्रित) परीक्षा नियम, 2016 का इन नियमों के अन्तर्गत आने वाले मामलों की बाबत एतद्द्वारा निरसन किया जाता है।

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन किया गया कोई आदेश या की गई कोई कार्रवाई, इन नियमों के तत्स्थानी उपबन्धों के अधीन की गई समझी जाएगी।

आदेश द्वारा,

तरुण श्रीधर,
अतिरिक्त मुख्य सचिव (कार्मिक)।

———————————

APPENDIX-I

Standard/Syllabus of Preliminary Examination

The recruiting Agency shall limit/shortlist the number of eligible candidates to be called for written examination by subjecting them to a screening test (objective Type) of three hours duration. In the objective type screening test there will be 200 multiple choice questions of one mark each on the basis of the following syllabus. The marks obtained by the candidates who are declared qualified for admission to written examination will not be counted for detaining their final order of merit. The number of candidates to be admitted to the written examination will be 20(Twenty) times the total approximate number of vacancies to be filled.

1. History, geography and socio economic development of Himachal Pradesh.

60 Marks

2. Knowledge of current events of the national international importance and such matters of every day observation and experience in their scientific aspects as may be expected of an educated person who has not made a special study of any scientific subject.

60 Marks

3. Modern History(From 1857 onwards) of India, Indian Culture, Indian Polity, Indian Economy, Geography of India, disaster management, Environment and Gender issues and teaching of Mahatma Gandhi.

80 Marks.

Note:— There will be negative marking for incorrect answers (as detailed below) for all questions:

(*a*) There are four alternatives for the answers to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, on fourth (0.25) of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

(*b*) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as wrong answer even if one of the given answers happen to be correct and there will be same penalty as above for that question.

(*c*) If a question is left blank i.e. no answer is given by the candidate, there will be no penalty for that question.

Appendix-II

Standard/Syllabus of Main Examination

1. Paper –I English (Conventional -03 Hours)

Candidates will be required to answer questions designed to test their understanding of English and workmen like use of words. Some of the questions will be devised to test also their reasoning power, their capacity to perceive implications their ability to distinguish between the important and the less important and to write an essay. Passage will usually be set for summary or précis. Credit will be given for concise and effective expression.

Maximum Marks-150

2. Paper –II Hindi (Conventional (03 Hours)

(*i*) Translation of an English passage into Hindi.
(*ii*) Explanation of Hindi passage in Prose and Poetry in same language.
(*iii*) Composition (Essay, Idioms, correction etc.)

Maximum Marks-150

3. Paper-III(General Knowledge(03 Hours)

History, geography and socio economic development of Himachal Pradesh Knowledge of current events of National and International importance and of such matter of every day observation and experience in their scientific aspects as may be expected of an educated person who has not made a special study of any scientific subject. The paper will also include questions on Modern History(From 1857 onwards) of India, Indian Culture, Indian Polity, India Economy and Geography of India of such nature as candidates should be able to answer without special study and questions on the teachings of Mahatma Gandhi.

Maximum Marks-200

4. Evaluation: The evaluation of candidate shall be based on the parameters as specified in the appendix-III to these rules.

अपैंडिक्स–III

1.	**लिखित परीक्षा** {लिखित परीक्षा में प्राप्तांकों की प्रतिशतता 85 अंको में से परिकलित की जानी है। उदाहरणार्थ लिखित परीक्षा में 50 % अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को 42.5 अंक दिए जाएंगे}।	85 अंक
2.	अभ्यर्थी का मूल्ययांकन निम्नलिखित रीति में किया जाना है:– (*i*) भर्ती और प्रोन्नति नियमों में विहित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता हेतु वरीयता। 2.5 अंक {शैक्षिक अर्हता में प्राप्तांकों की प्रतिशतता 0.025 से गुणा की जाएगी। उदाहरणार्थ,	15 अंक

	किसी व्यक्ति ने अपेक्षित शैक्षिक अर्हता में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं, तो उसे 1.25 अंक अनुज्ञात किए जाएंगे (50×0.025=1.25)} (*ii*) यथास्थिति, अधिसूचित पिछड़े क्षेत्र या पंचायत से संबंधित। 01 अंक (*iii*) भूमिहीन कुटुम्ब / एक हेक्टेयर से कम भूमि वाले कुटुम्ब को संबद्ध राजस्व प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। 01 अंक (*iv*) इस प्रभाव का गैर–नियोजन प्रमाण पत्र कि कुटुम्ब का कोई भी सदस्य सरकारी / अर्ध सरकारी सेवा में नही है। 01 अंक (*v*) 40 प्रतिशत विकृति / निःशक्तता / दुर्बलता से अधिक वाले दिव्यांगजन। 01 अंक (*vi*) एन एस एस (कम से कम एक वर्ष) / एन सी सी में प्रमाण–पत्र धारक / भारत स्काउट और गाइड / राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं में पदक विजेता। 01 अंक (*vii*) ₹40,000 / – से कम या सरकार द्वारा समय–समय पर यथाविहित (समस्त स्रोतो से) वार्षिक आय वाला बी पी एल कुटुम्ब। 02 अंक (*viii*) विधवा / तलाकशुदा / अकिंचन / एकल महिला। 01 अंक (*ix*) इकलौती पुत्री / अनाथ 01 अंक (*x*) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्था से आवेदित पद से संबंधित कम से कम छह मास की अवधि का प्रशिक्षण। 01 अंक (*xi*) सरकारी / अर्धसरकारी संगठन में, आवेदित पद से संबंधित, अधिकतम पांच वर्ष तक का अनुभव (प्रत्येक पूर्ण किए गए वर्ष के लिए केवल 0.5 अंक) 2.5 अंक	

[*Authoritative English text of Government Notification No. Per(AP)-C-A(3)-2/2017 dated the 29th September, 2017 as required under clause (3) of article 348 of the Constitution of India*].

PERSONNEL DEPARTMENT (AP-III)

NOTIFICATION

Shimla-2, *the* 29th *September,* 2017

No. Per (AP)-C-A(3)-2/2017.—In exercise of the powers conferred by proviso to article 309 of the Constitution of India, the Governor of Himachal Pradesh, in consultation with the

Himachal Pradesh Public Service Commission, is pleased to make the following rules in respect of examination and recruitment to the Himachal Pradesh **Subordinate Allied Services/Posts (Class-III, Non-Gazetted)** born on various departments of the State Government, namely:—

